देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 317 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 30 जनवरी 2020

विचार-प्रवाह...गाने वाली लड़की जब मुस्कराती है





मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 5.0°

41198.66

2 ट्रंप के खिलाफ आरोप राजनीतिक

7 पहली बारी की है सुपर ओवर में बैटिंग

## संक्षिप्त समाचार

### निर्भया: अब दोषी विनय ने दायर की दया याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप केस के दोषियों में से एक विनय शर्मा ने राष्ट्रपति से दया की अपील की है। इससे 1 फरवरी को दी जाने वाली फांसी एकबार फिर टल सकती है। नियम के मुताबिक अगर राष्ट्रपति की तरफ से दया याचिका खारिज होती है तो नए सिरे से डेथ वॉरंट जारी करना पड़ेगा।
इससे पहले चारों दोषियों को 22 जनवरी को फांसी पर लटकाए जाने का फैसला किया गया था, लेकिन एक दोषी मुकेश ने राष्ट्रपति के पास दया याचिका भेजी थी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उसकी याचिका खारिज कर दी थी।

### अकाली का दिल्ली चुनाव में बीजेपी को सपॉर्ट का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के मुद्दे पर दिल्ली में चुनाव न लड़ने का फैसला करने वाली शिरोमणि अकाली दल ने वापसी करते हुए बीजेपी को समर्थन देने की घोषणा कर दी। यह घोषणा बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा और अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल की मुलाकात के बाद की गई। अकाली दल ने कहा कि उनका गठबंधन कभी टूटा ही नहीं कुछ गलतफहमियां थीं जो अब दूर हो गई हैं।

### विवादित बोल पर चुनाव आयोग की सख्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली चुनाव में भड़काऊ बयान देनेवाले बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर और प्रवेश सिंह वर्मा पर चुनाव आयोग ने सख्त कार्रवाई की है। आयोग ने दोनों को तत्काल प्रभाव से प्रचारकों की लिस्ट से निकालने का निर्देश पार्टी को दिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के बयानों की काफी आलोचना हो रही थी। चुनाव आयोग ने शिकायत के बाद सख्त कार्रवाई की।

# वोट तय करेगा शाहीन बाग या भारत माता

लोग इतने जोर से ईवीएम का बटन दबाएं कि शाहीन बाग में करंट लगे: गृहमंत्री

## शाह ने आप और कांग्रेस पर लगाए दंगे भड़काने के आरोप



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के गृहमंत्री और पूर्व बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने नजफगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा है कि 8 फरवरी को लोगों का एक वोट बताएगा कि वे शाहीन बाग के साथ हैं भारत माता के साथ। शाह ने यह कहा कि लोग इतने जोर से ईवीएम का बटन दबाएं कि शाहीन बाग में करंट लगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर दंगे भड़काने के भी आरोप लगाए।
गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 8 तारीख को जब आप मतदान करें, तो ऐसे मत सोचना कि आपका एक वोट अजीत भाई को विधायक बनाएगा। आपका एक वोट पूरे देशभर में ये संदेश देनेवाले हैं कि नजफगढ़ शाहीन बाग वालों के साथ है या भारत माता के बेटों के साथ।

**दिल्ली के एक तिहाई लोगों को पाकिस्तानी कहते हो?:** अमित शाह ने कहा, केजरीवाल कहते हैं कि बीजेपी को पाकिस्तान वालों से प्यार हैं। केजरीवाल सुन लो, दिल्ली के एक तिहाई लोग जो हैं वो पाकिस्तान से आए थे, उनको आप पाकिस्तानी कहते हो? चुल्लू भर पानी में डूब मरो। शर्म करो। पाकिस्तान में जिन पर अत्याचार हुए, उन्हें नागरिकता देकर मोदी जी ने उनके मानव अधिकारों का संरक्षण करने का काम किया है।

**कौन कर रहा है आंदोलन को फंड:** अक्सर यह चर्चा होती है कि इस आंदोलन को कौन फंड कर रहा है? प्रदर्शनकारियों में से एक रितु ने बताया कि यह आंदोलन अपनी प्रेरणा से शुरु हुआ है। कुछ लोगों ने स्वैच्छिक दान दिया जिससे जनरेटर और टेंट की व्यवस्था हुई। रितु ने बताया कि कुछ समूह खाने का इंतजाम कर देते हैं और किसी ने माइक सिस्टम दिया।

### केजरीवाल से मांगा जवाब

अमित शाह ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की अनिवार्यता समझाते हुए कहा, केजरीवाल और कांग्रेस पार्टी लोगों को उकसाती है। उनको उकसाया दंगे कराए। कहते हैं कि हम इनके साथ हैं। आज भी मनीष सिसौदिया ने कहा कि हम शाहीन बाग के साथ हैं। मैं फिर से नजरफगढ़ की वीर भूमि से केजरीवाल से पूछता हूं कि आप शाहीन बाग के साथ हैं क्या? केजरीवाल ना नहीं कहते हैं।

### केस चालने की दोगे मंजूरी

अमित शाह ने कहा, कल हमने शर्जिल इमाम को बिहार से पकड़ा है। उसने कहा कि भारत के टुकड़े कर दो। जेएनयू में नारे लगे थे कि भारत तेरे टुकड़ें हों हजार। हमने कन्हैया और उमर खालिद को जेल में डाला, केजरीवाल सरकार इनके खिलाफ केस चलाने की मंजूरी नहीं देती है। ये आप पार्टी वाले वोट मांगने आएं तो पूछना कि खालिद और कन्हैया के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी क्यों नहीं दी? मैं फिर केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि आप खालिद के खिलाफ केस को मंजूरी दोगे? शर्जिल के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दोगे क्या?

प्रशांत और पवन को पार्टी लाइन से बाहर जाकर बयानबाजी करने की मिली सजा

# जेडीयू ने प्रशांत किशोर पवन वर्मा को निकाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। वही हुआ जिसकी संभावना थी। जनता दल (यूनाइटेड) ने नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले पवन वर्मा और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अनुशासनहीनता की दलील देकर दोनों पर यह कार्रवाई की गई है।

पूर्व राज्यसभा सांसद पवन वर्मा ने दिल्ली में बीजेपी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए खुला खत लिखा था और नीतीश पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। प्रशांत किशोर भी संशोधित नागरिकता कानून की खिलाफत करते हुए लगातार पार्टी लाइन से बाहर बयानबाजी कर रहे थे। नीतीश ने साफ कह दिया था कि वे जहां जाना चाहते हैं जा सकते हैं। पार्टी में रहना है तो दायरे में रहना होगा। इससे तय हो गया था कि दोनों की पार्टी से विदाई तय है।

जेडीयू के प्रधान महासचिव और राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने बयान में कहा कि पार्टी का अनुशासन, पार्टी का निर्णय और पार्टी नेतृत्व के प्रति वफादारी ही दल का मूल मंत्र होता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से दल के अंदर पदाधिकारी रहते हुए प्रशांत किशोर ने कई विवादास्पद बयान दिए जो दल के निर्णय के खिलाफ थे।

त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ किशोर ने अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जो अपने आप में स्वेच्छाचारिता है। किशोर और ज्यादा नहीं गिरें, इसके लिए आवश्यक है कि वह पार्टी से मुक्त हों।

### प्रशांत को बताया करॉना वायरस

नीतीश कुमार के साथ विवाद के बाद प्रशांत किशोर पार्टी के नेताओं के निशाने पर आ गए थे। बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय आलोक ने उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए उन्हें करॉना वायरस करार दे दिया। उन्होंने कहा कि वे जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। उन्हें भी इस करॉना वायरस के जाने से बड़ी खुशी होगी। इससे पहले भी उन्होंने ट्वीट करते हुए प्रशांत पर हमला बोला था और उन्हें अपने कद को देखकर बात करने की नसीहत दी थी।

### पीके और पवन वर्मा ने नीतीश कुमार पर कसा तंज

नई दिल्ली। जनता दल यूनाइटेड से बाहर किए जाने के बाद प्रशांत किशोर और पवन वर्मा दोनों ने बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर तंज कसा है। दोनों ने ट्वीट कर अपनी प्रतिक्रियाओं में नीतीश को कुर्सी बचाने के लिए शुभकामनाएं दीं। जैसे ही जेडीयू की ओर से दोनों नेताओं को बाहर किए जाने की खबर आई, कुछ ही देर में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का ट्वीट भी आ गया।

# 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया शरजील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भीड़ को संबोधित करते हुए श्पूर्वोत्तर को भारत से अलग करनेश की बात कहने वाले जेएनयू के पीएचडी स्टूडेंट शरजील इमाम को दिल्ली की साकेत कोर्ट ने 5 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। क्राइम ब्रांच को शरजील की कस्टडी मिली है। शरजील को मंगलवार को जहानाबाद से अरेस्ट किया गया है।

शरजील के वकील ने दावा किया था कि उसने सरेंडर किया, जिसे पुलिस ने खारिज कर दिया था। दिल्ली पुलिस को कल ही उसकी ट्रांजिस रिमांड मिली थी। उधर, पहले ऐसी खबर थी कि उसे पटियाला हाउस कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा, जिससे वहां का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था। इस दौरान कुछ वकीलों ने शरजील के खिलाफ नारेबाजी की और उनके हाथों में पोस्टर थे जिसमें शरजील को देशद्रोही कहा गया था।

### वकीलों ने लगाए फांसी दो के नारे

वकीलों ने उसे फांसी देने की मांग की। अदालत परिसर के बाहर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। एक वकील ने कहा, हम यहां उसके खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए हैं जो देश को तोड़ने की बात करता है। सभी वकील ऐसे देशद्रोहियों के खिलाफ एकजुट हैं। उसे जेल से बाहर रहने का हक नहीं है। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# बीटिंग रिट्रीट पर पहली बार वंदे मातरम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में हर वर्ष गणतंत्र दिवस के बाद 29 जनवरी की शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। रायसीना रोड पर राष्ट्रपति भवन के सामने इसका प्रदर्शन किया गया। बीटिंग रिट्रीट पर पहली बार वंदे मातरम की धुन बजाई गई।
चार दिनों तक चलने वाले गणतंत्र दिवस समारोह का समापन बीटिंग रिट्रीट के साथ ही होता है। 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह की तरह बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम भी देखने लायक होता है। बीटिंग रिट्रीट समारोह का समापन हो गया है।
सेना की सभी टुकड़िया बैंड बाजे के साथ अपने बैरक पर वापस चली गई हैं। राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और कई अन्य सरकारी इमारतों को सुंदर लाइटों से सजाया गया है। समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति वेकैंया नायडू और लोस स्पीकर ओम माथुर मौजूद रहे।

### बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम सेना की बैरक वापसी का प्रतीक

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in